(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) और (ख) गैर-अर्थक्षम मार्गों का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है। बहर-हाल, शाखा लाइनों के संचालन के वित्तीय परिणामों की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाती है ताकि उनकी लाभप्रदता या अलाभ प्रदता का पता लगाया जा सके। वर्ष 1989-90 की समीक्षा के अनुसार, भारतीय रेलों पर ऐसी 146 शाखा लाइनें भी थीं जो अलाभप्रद पायी गई थीं।

(ग) और (घ) हानि को कम करने के लिए सवारी गाड़ियों के बदले मिली-जुली गाड़ियां चलाना, "केवल एक इंजन" प्रणाली लागू करना, कर्मचारियों की संख्या में किफायत बरतना, बिना टिकट यात्रा को रोकना, अलाभप्रद स्टेशनों और होल्टों को बंद करना अथवा उनको ठेकेदार द्वारा परिचालित हाल्टों के रूप में परिवर्तित करना आदि जैसे विभिन्न उपाय किए गए हैं।

Metro Rail System in Delhi

*15. SHRI KAPIL VERMA:
SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) what is the latest position of the proposed Metro Railway Project for Delhi;

(b) whether Government have accepted the preliminary report of R.I.T.E.S. about the project, if so, the follow-up action taken thereon; and

(c) whether the Delhi Administration have been asked to prepare a detailed project on the basis of the RITES report if so, what is the amount sanctioned for this project?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DAULAT RAM SARAN): (a) to (c) Delhi Administration had engaged the Rail India Technical & Economic Services Ltd. (RITES)) to prepare a Techno-Economic Feasibility Study for Mass Transit System in Delhi. The Study report has been submitted by RITES to Delhi Administration. A series of meetings have taken place including one between the Minister for Urban Development and the Minister for Railways where the report given by RITES has been considered. As a sequel to these meetings it has been decided that pending a detailed analysis of the report including of funds and resource availability for financing the project, the Delhi Administration should take preparatory steps for the project and in particular the steps needed for securing land in the proposed corridors. A Steering Committee has also been set up under the Chairmanship of Chief Secretary, Delhi Administration, to go into various aspects of the proposed system and to monitor preparatory action for proceessing the project further.

माल ढुलाई के लिए निर्धारित लक्ष्य

*16. श्री बलराम सिंह यादव
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रेल चालू वित्तीय वर्ष की पहली छमाही के दौरान माल ढुलाई के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकी है ;

(ख) यदि हां, तो उक्त अवधि के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया था ;

(ग) वस्तुतः कुल कितने टन माल की ढुलाई की जा सकती है और रेल विभाग को इस संबंध में कितना घाटा उठाना पड़ा है ; और